## मसाला पार्क, छिंदवाडा में स्थापित सुविधाओं के वाणिज्यिक संचालन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय , भारत सरकार, कोच्ची, केरल और मेसर्स एस टी सी, भारत सरकार, बंगलौर की सहायक कंपनी मेसर्स एस टी सी एल ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में मसालों और सब्जियों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए सभी बुनियादी अवसंरचनाओं और उच्च कोटि की सुविधाओं वाले एक मसाला पार्क की स्थापना की थी । मसाला पार्क में उपलब्ध प्रसंस्करण सुविधाओं का ब्यौरा अनुलग्नक -1 में दिया गया है। अब बोर्ड मसाला पार्क में स्थापित सुविधाओं के वाणिज्यिक संचालन के लिए मसालों / कृषि उत्पादों / खाद्य व खाद्य सामग्रियों आदि के निर्यात व घरेलू व्यापार से जुड़े इच्छुक तथा तकनीकी रूप से सक्षम व आर्थिक रूप से सुस्थित पार्टियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है ।

इसमें रुचि रखनेवाले ईओआई प्रस्तुत करने / बोली लगाने की प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व उपलब्ध सुविधाओं की जांच के लिए अपने ही खर्च पर छिंदवाड़ा के मसाला पार्क का दौरा कर सकते हैं। पंजीकृत कृषक उत्पादक कंपनियां भी ई ओ आई प्रस्तुत कर सकती हैं। छिंदवाड़ा के मसाला पार्क का संपर्क-पता नीचे दिया गया है:

श्री ई. मोहन राव
उप निदेशक (विपणन)
मसाला पार्क, काबरा कॉलोनी
नागपुर रोड, शांतिनाथ स्कूल के पीछे
उमरानाला पी.ओ., छिंदवाड़ा
मध्य प्रदेश - 480001
दूरभाष: 07162- 295070, मोब.: 9110399802

**अभिरुचि** की अभिव्यक्ति (ईओआई) निर्धारित फार्मेट (अनुलग्नक – ***2)*** **में 15 फरवरी 2018 को या उससे पूर्व "मसाला पार्क, छिन्दवाडा केलिए ई ओ आई" ऊपर लिखकर श्री पी एम सुरेषकुमार, निदेशक (विपणन), स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन, एन.एच.-बाईपास, पालारिवट्टम पी.ओ., कोचीन 682025 को प्रस्तुत की जानी चाहिए।**

पट्टे के निबंधन व शर्तों को अंतिम रूप देने केलिए फ़रवरी 2018 के तीसरे सप्ताह में एक पूर्व-बोली बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिन फ़र्मों ने ई ओ आई प्रस्तुत की हैं, उन सब को पूर्व-बोली बैठक केलिए आमन्त्रित किया जाएगा। तारीख, समय व स्थान ई ओ आई के खोलने के तुरंत बाद बताए जाएंगे। बोर्ड द्वारा प्रस्तावित निबंधन व शर्तों का मसौदा पूर्व-बोली बैठक के पहले ही परिचालित किया जाएगा और पट्टे केलिए निबंधन व शर्तों को अंतिम रूप देने पर चर्चा बोर्ड द्वारा परिचालित मसौदे के आधार पर होगी।

# मसाला पार्क में उपलब्ध सुविधाओं का विवरण

## *I. निर्जलीकरण संयंत्र की सुविधाएं*

**1. डिकोटिकेटरः** सामग्री को एलिवेटर (लिफ्ट) में डाला जाता है जो इस सामग्री को हॉपर तक ले जाता है। लहसुन के प्रकन्दों को मशीन द्वारा फाँकों में तोड़ा जाता है और एक ब्लोअर इसके छिलके को हटाता है। इसमें 10 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता प्रति दिन 24000 कि.ग्रा. है।

**2. ग्रेडिंग मशीन:** इसमें एम एस प्लेट से बना एक गोल क्रॉस-सेक्शन शामिल है, जो फांक को विभिन्न आकारों में अलग करने के लिए घूमता है। इसमें 5 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता प्रति दिन 24000 कि.ग्रा. है।

**3. फ्लेकिंग मशीन:** यह एक एस.एस. रोल मशीन है जो 2 रोल से मिलकर बनी है, जो लहसुन की फाँकों को आवश्यक मोटाई देने के लिए विपरीत दिशा में घूमते हैं। इसमें 3 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता प्रति दिन 15000 कि.ग्रा. है।

**4. बेल्ट ड्रायर:** यह 40-60 डिग्री सेंटीग्रेड तक के अलग-अलग तापमान क्षेत्रों वाला लगातार चलने वाला 5 बेल्ट ड्रायर है, जहाँ गर्म हवा से सामग्री को निर्जलित किया जाता है और इसकी क्षमता प्रतिदिन 3 मीटरी टन तैयार उत्पाद है।

**5. छिलका हटाने की मशीन:** इसमें ब्रश होते हैं और सामग्री को हॉपर और ब्रश में डाला जाता है और ब्रश घूमते हैं। लहसुन का छिलका निकाल दिया जाता है और ब्लोअर की मदद से इसे उड़ा दिया जाता है।

**6 ग्रैविटी सेपरेटर :** यह मशीन निर्जलित लहसुन के छोटे और टूटे टुकड़ों को अलग कर देती है और अवांछित कणों को हटा दिया जाता है।

**7 बिन ड्रायर:** नमी को बराबर रखने और उत्पाद में समान स्तर की नमी बनाए रखने में मदद करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इसमें 2 एच.पी. मोटर है और इसकी क्षमता प्रतिदिन 800 कि.ग्रा. है।

**8. बेल्ट ड्रायर:** यह 40-60 डिग्री सेंटीग्रेड के अलग-अलग तापमान क्षेत्रोंवाले 5 बेल्ट ड्रायर है, जहाँ गर्म हवा से सामग्री को निर्जलित किया जाता है।

9. **छँटाई:** अशुद्धियों को दूर करने के लिए हाथ से छंटाई की जाती है।

10 **मैग्रेटिक सेपरेटर :** किसी लोहे के टुकड़े आदि को हटाने के लिए सामग्री को मैग्रेटिक सेपरेटर से होकर निकाला जाता है।

**11. पैकिंग:** थोक पैकिंग के लिए: निर्यात योग्य नालीदार गत्ते के डिब्बे में डबल पॉली बैग में पैक करने की सुविधा

***II. प्रति दिन 3 टन कच्ची सामग्री की निष्कर्षण क्षमता वाले निष्कर्षण संयंत्र की सुविधाएं***

| **सं.** | **विवरण** |
|---|---|
| **क.** | एक्स्ट्रैक्शन केट्टिल |
| **ख.** | एस एस फिल्टर |
| **ग.** | कंडेंसरसिस्टम |
| **घ.** | स्टोरेज टैंक |
| **ङ** | डिज़ोल्वेंटाइजर |
| **च** | इवापोरेटर |
| **छ** | एसएस पाइप लाइन्स, एस एस बॉल वाल्व्स, एस एस स्टुबेंड्स, एम एस लूज फ्लेंज,एम एस एवं एस एस नट व बोल्ट, फ्लो ग्लॉस, टफेन्ड ग्लॉस और अन्य फिटिंग्स |
| **ज** | लिक्विड एक्स्ट्रैक्टर |
| **झ** | सॉल्वेंट सेपरेटर |
| **ञ** | सॉल्वेंट पम्प |
| **ट** | आइसोट्रोप |
| **ठ** | एम एस प्लैटफार्म |
| **ड** | अपशिष्ट उतारने की प्रणालियाँ |
| **ढ** | फ्रूट मिल |
| **ण** | एचडीपीई क्रेट्स |
| **त** | फ्लेम प्रूफ वेसल लैम्प |
| **थ** | वैक्यूम सिस्टम |
| द | एयर वेंट सिस्टम |

## ***III. मिर्च प्रसंस्करण और वाष्प विसंक्रमण इकाई***

मेसर्स एस टी सी एल, मेसर्स एस टी सी, भारत सरकार की सहायक कंपनी, ने एक मिर्च प्रसंस्करण सुविधा और एक विसंक्रमण इकाई की स्थापना की थी। यह इकाई मसाला पार्क से जुड़कर 10 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की गई है। प्रसंस्करण सुविधाओं का विवरण निम्नानुसार हैं :

| **सं.** | **विवरण** |
|---|---|
| **1** | **मिर्च प्रसंस्करण इकाई** |
| क. | पूर्व-सफाई सुविधा: घुमावदारछिद्रित ड्रम, कचरा संग्रहण ट्रे, 3 एचपी सक्शन ब्लोअर, नायलॉन ब्रश, साइक्लोन टैंक,1000 लीटर फीड होपर, पाइप स्टैंड, फ़ीड पाइप और हैमर मिल कनेक्टर इत्यादि |
| ख. | पेषण सुविधाः लाइनर युक्त हैमर मिल, कार्बाइड टिप सहित बीटर, ब्लोअर, साइक्लोन डस्ट कलक्टर, चालनी, रोटरी एयर लॉक वाल्व, एमएस बेसमेंट, संपर्क भाग एस एस में और शेष एम एस में<br>प्री-ग्राइण्डिङ हेतु हैमर मिल चलाने के लिए 25 एचपी मोटर और ब्लोअर चलाने के लिए 5 एचपी मोटर<br>बारीक पीसने हेतु हैमर मिल चलाने के लिए 50 एचपी मोटर और ब्लोअर चलाने के लिए 7.5 एचपी मोटर का प्रयोग किया जाता है। |
| ग. | धूल संग्रहण प्रणाली और धूलरहित पर्यावरण |
| घ. | पैकिंग सुविधा: वीएफएफएस कॉलर टाइप की पैकिंग मशीनें न्यूमेटिकली संचालित टाइप , कॉलर टाइप पाउच निर्माण, ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज सीलिंग, बैच और तारीख कोड की व्यवस्था, सेर्वोमोटर,हीटिंग कॉइल- 1500 वॉट |
| ङ | वाष्प विसंक्रमण यूनिट |
| च | प्रकार: बैच प्रोसेस |
| छ | क्षमता 500 किलो प्रति घंटा या 5 टन प्रति पारी |
| ज | उपभोक्ता और थोक पैक दोनों में विसंक्रमित उत्पादों की पेषण व पैकिंग सुविधा |

**अनुलग्नक -2**

**मसाला पार्क, छिंदवाड़ा की सुविधाओं के संचालन हेतु ईओआई प्रस्तुत करने के लिए आवेदन**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कंपनी का नाम | |
| 2 | क्या स्पाइसेस बोर्ड के साथ पंजीकृत है? यदि है, तो पंजीकरण संख्या | |
| 3 | डाक पता, पिन नंबर, इ-मेइल, फ़ैक्स तथा मोबाइल सहित फोन नंबर के साथ संपर्क- व्यक्ति का नाम | |
| 4 | आवेदक का पैन(PAN) | |
| 5 | जी एस टी पंजीकरण संबंधी विवरण | |
| 6 | व्यापार में बिताए वर्ष और व्यापार के प्रकार | |
| 7 | वर्तमान व्यापार का वार्षिक टर्न-ओवर | |
| 8 | व्यापार कर रहे जिंस का प्रकार | |
| 9 | वर्तमान में संभाले जा रहे कारोबार की संख्या और उनका विवरण | |
| 10 | मसाला प्रसंस्करण इकाइयों की अभियांत्रिकी और संचालन अनुभव | |
| 11 | मसाला प्रसंस्करण इकाइयों को चलाने में पिछले अनुभवों का विवरण | |
| 12 | मसाला इकाइयों के परिशोधन/ प्लांट व मशीनरी सुधारने में अनुभव | |
| 13 | अन्य सूचना, यदि कुछ है तो, | |

(आवेदक का हस्ताक्षर)

स्थान:

दिनांक : कंपनी की मोहर